11.07.2020.

Dr. Sangita Kumari Saha
Intermediate

Continue: . . . .

## Assessment Methods.

मानव गुणों की विभिन्नताओं का मूल्यांकन करने की विधियाँ निम्नलिखित हैं : —

1. शारीरिक एवं चिकित्सा संबंधी जांच → व्यक्तियों के शारीरिक विभिन्नताओं की जांच करने की अनेक प्रविधियाँ हैं।

2. व्यक्ति अध्ययन : इस विधि के द्वारा व्यक्तियों के मनोसामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक गुणों का अध्ययन गहनता से किया जाता है। इस विधि का उपयोग ज्यादा तर नैदानिक उद्देश्य से किया जाता है।

3. प्रेक्षण :- व्यक्ति के जीवन में घटित घटनाओं का इस विधि से अध्ययन कर उनका व्यवस्थित, वस्तुनिष्ठ एवं संगठित विवरण तैयार किया जाता है। इस अभिलेख को तैयार करने में प्रेक्षक कई तरह के नियंत्रण को ध्यान में रखता है।

4. आत्म प्रतिवेदन : इस विधि का उपयोग ज्यादातर व्यक्ति अपने स्वंय के संदर्भ में सूचना देने में करता है। ऐसा करने में वह वैयक्तिक डायरी या मनोवैज्ञानिक परीक्षण या साक्षात्कार का उपयोग कर सकता है।

5. साक्षात्कार :- इस विधि का उपयोग उपभोक्ता सर्वेक्षण एवं तात्कालिक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों का अध्ययन करने में किया जाता है। इस विधि का उपयोग कर्मचारियों के चयन के लिए भी किया जाता है।

Scanned with CamScanner

6. मनोवैज्ञानिक परीक्षण।

मनोवैज्ञानिक परीक्षण का उपयोग विशेष कर बुद्धि एंव अभिक्षमता, व्यक्तित्व, अभिरुचि एंव मूल्यों को पता लगाने में किया जाता है। साथ ही साथ इस विधि के द्वारा निर्देशन, कर्मचारी चयन एंव प्रशिक्षण के क्षेत्र में काफी सहायता मिलती है। आजकल विद्यालय में दाखिला के समय भी मनोवैज्ञानिक परीक्षण लिया जाता है जिससे बच्चों के बुद्धि, बौद्धिकता एंव अभिरुचि का पता लगाया जा सके।